दिनांकः08.01.2018

## स्वरोजगार सूचना

भाईयों और बहनों,

देश की राजधानी दिल्ली में दलित वर्गो के हज़ारों नौजवान युवक एवं युवतियाँ रोजगार की तलाश में दर–दर भटक रहे हैं जिसका मुख्य एवं बड़ा कारण उनको सही सलाह या सही मार्गदर्शन कराने वाला कोई सामाजिक संगठन ही नहीं है और न ही कोई संगठन आर्थिक विकास की ही बात करता है। इसकी वजह यह दिखाई दे रही है कि जो व्यक्ति आगे बढ़ गया है वह व्यक्ति पीछे मुड़के यह नहीं देखता है कि उसका भाई/समाज पीछे छूटता जा रहा है। उसकी ड्यूटी यह भी है कि वह अपने भाईयों/बहनों एवं समाज के अन्य नौजवान युवक/युवतियों के भी आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए भी सहयोग (गाइड) करे तथा उनकी आर्थिक उन्नति मे सहायक भी बनें। यदि हम एक दूसरे की मदद नहीं करेंगे तो हमारा समाज धीरे–धीरे धरातल की ओर चला जायेगा। उल्लेखनीय यह भी है कि सरकार की तरफ से भी ट्रेनिंग एवं कोचिंग की अनेक योजनाएं हैं परन्तु हमें उन योजनाओं के सम्बन्ध में कुछ भी जानकारी ही नहीं है और जिनको मालूम है भी, तो वह अपने भाईयों को बताना ही नहीं चाहते।

हमने तय किया है कि दिल्ली के कम से कम दो हजार बेरोजगार युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार उपलब्ध करवायें। याद रहे उसी नौजवान को आगे बढ़ाया जा सकता है जो कि खुद भी आगे बढ़ना चाहता हो। आपको अनेकों क्षेत्रों में ट्रेनिंग/कोचिंग भी निशुल्क करायी जायेगी तथा बिजनेस लोन भी सब्सिडी के साथ उपलब्ध कराया जायेगा। भीम आर्मी का संरक्षक होने के नाते मैं यह महसूस करता हूँ कि यह जिम्मेदारी मेरी भी है कि भीम आर्मी का कोई भी सैनिक बेरोजगार न रहे। इसीलिए आपसे आग्रह है कि आप शनिवार, रविवार, दिनांक 27 एवं 28 जनवरी, 2018 को सुबह ठीक 11 बजे अम्बेडकर भवन, झण्डेवालान, रानी झांसी रोड़, (पंचकुइयां रोड़), नयी दिल्ली, पर जरूर पहुंचें तथा अन्य नौजवान युवक युवतियों को भी सूचित कर साथ लायें। कृपया यह सूचना अपने सभी ग्रुपों में जरूर भिजवाने का कष्ट करें।

धन्यवाद सहित,

आपका

Bhagwan

(जय भगवान जाटव)

मुख्य संरक्षक – भीम आर्मी

फो. 011.26192066
मो. 9810634677
व्हा. 9810634655
Email : indiarsp@gmail.com
Website : scstparishad.org.in